# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
मौलाना अली मियाँ मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर लखनऊ–226008
ई–मेल आई.डी. : hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com
वेबसाइट : hajcommittee.up.gov.in. Twitter @UPStateHajC & Facebook @Statehajcommittee Up

पत्रांक–जी–।।/ 453 /एस0एच0सी0/लखनऊ/2026 दिनांक 29, सितम्बर 2026

विषयः– कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त अभ्यर्थियों हेतु साक्षात्कार एवं मेडिकल फिटनेस जांच हेतु दिशा–निर्देश।

हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई के पत्रांक एच0सी0ओ0आई0128–006500349/3/2024–एच0सी0ओ0आई दिनांक 26.09.2026 सर्कुलर–15 में उल्लिखित निर्देशों के क्रम में सी0बी0टी0 परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त स्टेट हज इन्स्पेक्टर को सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार/व्यक्तिव परीक्षा व मेडिकल फिटनेस जांच हेतु निम्न मुख्य प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है।

1. सी0बी0टी0 में उत्तीर्ण आवेदक को साक्षात्कार में सम्मिलित होने से पूर्व भौतिक रुप से अपने समस्त मूल प्रपत्र की जांच कराना आवश्यक होगा मूल प्रपत्र सही पाये जाने पर ही साक्षात्कार की अनुमति दी जायेगी।
2. सर्कुलर–07 के अनुसार केवल स्थायी सरकारी कार्मिक ही पात्रता की श्रेणी में मान्य होंगे। इसके अतिरिक्त सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों के कर्मचारी जो इस मापदण्ड को पूरा नही करते हैं उन्हें पात्र नही माना जायेगा।
3. एन0ओ0सी0 मूलरुप से होना अनिवार्य है इसके बिना साक्षात्कार का अवसर प्रदान नही किया जायेगा।
4. साक्षात्कार की तिथि 05, 06 व 07 अक्टूबर 2026 निर्धारित है प्रत्येक दिवस दो पालियों में साक्षात्कार सम्पन्न कराया जायेगा। जिसके लिये परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को अपने निर्धारित समय से दो घण्टे पूर्व पहुंचकर अपने मूल प्रपत्रों का सत्यापन कराया जाना होगा। साक्षात्कार हेतु तिथिवार विवरण हज समिति की वेबसाइट **hajcommittee.up.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा।
5. परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यार्थियां के व्हाट्सएप ग्रुप पर भी साक्षातकार की सूचना उपलब्ध करायी जायेगी।
6. प्रत्येक उत्तीर्ण अभ्यार्थी को दिनांक 11.10.2026 तक मेडिकल फिटनेस जांच कराया जाना आवश्यक होगा जांच रिपोर्ट उ0प्र0 राज्य हज समिति कार्यालय को सम्बन्धित ज़िले से भिजवाना सुनिश्चित होगा।
7. मेडिकल फिटनेस जांच के सम्बन्ध में समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तर प्रदेश को सी0बी0टी0 परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थीयों की सूची उपलब्ध करा दी गयी है।
8. मेडिकल फिटनेस जांच में अस्वस्थ्य पाये गये अभ्यार्थियों का चयन स्टेट हज इन्स्पेक्टर के लिये नही किया जायेगा।

कृपया साक्षात्कार में सम्मिलित होने से पूर्व उपरोक्त दिशा–निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

Digitally signed by
MOHD TARIQ
Date: 28-09-2026
17:33:48

(मोहम्मद तारिक)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी